**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**20 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि नैफेड जल्द ही किसानों से फसल से सीधी खरीद शुरू करेगा।**
- **हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय योग पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और मेला ग्राउंड में किया जाएगा।**
- **कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियां पूरी प्रदेश से रिकार्ड गिनती में योग साधक कुरुक्षेत्र पहुँचेगे।**
- **हरियाणा के विभिन्न जिलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले पायलट रिहर्सल की गई।**
- **हरियाणा राजभवन में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाया गया।**

*****************************************************************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड नैफेड जल्द ही किसानों से फसल की से सीधी खरीद शुरू करेगा, जिससे कृषि उत्पादन प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाया जा सकेगा।वे अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। श्री शाह ने विश्वास जताया कि इस कदम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा –

श्री शाह ने यह भी कहा कि सरकार जल्द ही सहकारी मॉडल पर आधारित एक बीमा कंपनी शुरू करेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश भर में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां स्थापित की जाएंगी। श्री शाह ने विश्वास जताया कि अगले दस वर्षों में तीन प्रमुख क्षेत्रों, निर्यात, जैविक खाद्य और बीज में बड़ी सहकारी संस्थाएं उभरेंगी, जो किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

*************************************************************************

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिनगडकरी ने कहा है कि भारत ने हाल के वर्षों में माल लाने ले जाने की लागत में उल्लेलखनीय कमी की है जो और कम होकर नौप्रतिशत के आसपास हो जाएगी। आकाशवाणी समाचार को दिये विशेष साक्षात्क्र में श्रीगडकरी ने बताया

कि इससे देश के विकास मेंकाफी सहयोग मिलेगा। श्री गडकरी का साक्षात्काचर आकाशवाणी के एफएम गोल्डो चैनल यानीसौ दशमलव एक मीटर पर आज रात साढे नौ बजे प्रसारित किया जाएगा।

*************************************************************************

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कल कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने बताया –

श्री जिंदल ने कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक उन्नति में मददगार है।
श्री जिंदल ने कहा –

उन्होंने युवाओं और बच्चों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।
*************************************************************************
कुरुक्षेत्र कल राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए तैयार है।पत्रकारों से बातचीत में कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड में किए गए प्रबंधों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि इस बार रिकार्ड गिनती में योग साधक कुरुक्षेत्र पहुँच रहे हैं।

उन्होंने बताया –

सुश्री नेहा सिंह बताया कि कार्यक्रम स्थल को अलग-अलग सेक्टर में बांटा गया है।

उपयुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग दिवस पर कुरुक्षेत्र पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो व यातायात भी सुचारू रूप से जारी रहे इसको लेकर रूट भी बदले गए हैं।
वहीं पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

*************************************************************************

हिसार के महावीर स्टेडियम में आज 11 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी व शहर के आम लोग योग अभ्यास के लिए पहुंचे।जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर बलराज ने बताया

आज पायलट रिहर्सल में लगभग 2000 स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उप जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने में शिक्षा विभाग का अहम योगदान रहेगा। कल हिसार जिले के सभी स्कूलों में भी योग दिवस मनाया जाएगा।

*****************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में भी अंतिम रिहर्सल किया गया।इस दौरान योगाचार्य रामजीत और गुरमेश द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष डॉ. यशपाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रिहर्सल में जिला आयुष अधिकारी, डॉ.संजीव तोमर व मोहम्मद इरफान भी मौजूद रहे ।

*****************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में आज हरियाणा राजभवन में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विरासत की सराहना करते हुए वहां के लोगों के योगदान को भारत की एकता और प्रगति में अमूल्य बताया।

राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल भारतीय पुनर्जागरण की भूमि रही है, जिसने देश को रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रामकृष्ण परमहंस, सत्यजीत राय और श्री अरबिंदो जैसी महान विभूतियां दी हैं। इन विभूतियों ने भारतीय सभ्यता को दिशा दी और वैश्विक मंच पर देश की पहचान बनाई।

*****************************************************************************

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिनगडकरी ने कहा है कि भारत ने हाल के वर्षों में माल लाने ले जाने की लागत  में उल्लेलखनीय कमी की है जो और कम होकर नौप्रतिशत के आसपास हो जाएगी। आकाशवाणी समाचार को दिये विशेष साक्षात्का्र में श्रीगडकरी ने बताया कि  इससे देश के विकास मेंकाफी सहयोग मिलेगा। श्री गडकरी का साक्षात्काचर आकाशवाणी के एफएम गोल्डो चैनल यानीसौ दशमलव एक मीटर पर आज रात साढे नौ बजे प्रसारित किया जाएगा।

*****************************************************************************

कैलाश मानसरोवर यात्रा आज से सिक्किम के नाथूलासे शुरू हो गई है। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने आज यात्रा को हरी झंडी दिखाकररवाना किया। 36 तीर्थयात्रियों और अधिकारियों का पहला जत्था कैलाश मानसरोवर कीयात्रा के लिए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में प्रवेश कर गया। नाथूला के दूसरी ओरचीनी अधिकारी उनका स्वागत करने के लिए मौजूद रहे। हमारे संवाददाता ने बताया है किश्री माथुर ने तीर्थयात्रियों से बातचीत की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

*****************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के रेवाड़ी जिले के खोरी गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को औपचारिक मंजूरी दे दी है।स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने यह जानकारी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि सरकार राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और हर नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह उप-स्वास्थ्य केंद्र,  टीकाकरण, बुनियादी चिकित्सा उपचार और निवारक देखभाल के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य के प्रयासों का हिस्सा है ।

***************************************************************************